मीरजापुर पुलिस

प्रेस नोट

दिनांकः 13.08.2022

मीरजापुर पुलिस द्वारा अनुमानित कीमत ₹ 11 लाख की हेरोइन के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार —

पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'संतोष कुमार मिश्रा' द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया है।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में दिनांक 13.08.2022 को प्रभारी निरीक्षक चुनार-त्रिवेणीलाल सेन मय पुलिस बल द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर चुनार थाना क्षेत्र से एक नफर अभियुक्त मानिक राज पाल पुत्र रमेश पाल निवासी परसनी थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार कर कब्जे से 110 ग्राम हेरोइन (अनुमानित कीमत ₹ 11 लाख) बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चुनार पर मु0अ0स0-224/2022 धारा 8/21 NDPS एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त —

मानिक राज पाल पुत्र रमेश पाल निवासी परसनी थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर।

बरामदगी विवरण —

• 110 ग्राम हेरोइन (अनुमानित कीमत ₹ 11 लाख).

आपराधिक इतिहास—

1. मु0अ0सं0-714/2008 धारा 8/21एनडीपीएस एक्ट थाना खानपुर जनपद गाजीपुर।
2. मु0अ0सं0-224/2022 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना चुनार जनपद मीरजापुर।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —

प्रभारी निरीक्षक चुनार- त्रिवेणीलाल सेन मय टीम।